**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 26.06.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **नगर आयुक्त महोदय द्वार पीएम स्वनिधि योजना के सम्बन्ध में जन सुविधा केन्द्र (सी0एस0सी) के संचालको के साथ की गयी बैठक**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1. आज नगर आयुक्त महोदय ने भारत सरकार द्वारा पथ विकेताओ के लिये संचालित की जाने वाली पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में आज बैठक ली गयी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त,परियोजना अधिकारी,डूडा, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक तथा शहर के सी0एस0सी के प्रभारी शामिल हुये। वर्तमान में कोविड–19 महामारी और लगातार बढते हुये लॉकडाउन से पथ विकेताओ की आजीविका पर बुरा प्रभाव पडा है। ये प्रायः कम पूंजी से कार्य करते है और लॉकडाउन के दौरान शायद इनकी पूंजी समाप्त हो गयी होगी। इसलिए, इन पथ विकेताओं को अपना काम फिर से शुरू करनें के लिये भारत सरकार द्वारा पीएम स्ट्रिट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना का लागू की गई। इसके अन्तर्गत शहरी पथ विकेताओं को कोविड–19 महामारी के कारण लगाये गये लॉक–डाउन से शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर हुये कुप्रभाव से पथ विक्रेताओं का पुनः अपना कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यशील पूँजी (working Capital) हेतु ऋण के रूपमें रू0 10000.00 तक की सहायता दिया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत पथ विकेताओ के मध्य_नियमित पुनः भुगतान को प्रोत्साहित करना तथा डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया जायेगा। यह योजना कैशबैक सुविधा के माध्यम सेविक्रेताओं द्वारा डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करेगी। इस तरह से किया गया लेन–देन उनकी भविष्य की ऋण जरूरतों को बढ़ाने के लिए विक्रेताओं के क्रेडिटस्कोर का सृजन करेगा। पे–टीएम, गूगल पे, भारत पे, अमेजन पे, फोन पे आदि जैसे डिजिटलपेमेंट एग्रेगेटर्सऔर ऋण प्रदाता संस्थाओं के नेटवर्क का उपयोग ऑन बोर्ड पथ विक्रेताओं के डिजिटल लेनदेन हेतु किया जायेगा।

पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत ऋण प्राप्त करने हेतु पथ विकेताओ द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र भरा जायेगा, जो शहर के चिन्हित जन सुविधा केन्द्रो (सी0एस0सी) के माध्यम से कराया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु नगर निगम क्षेत्र में पथ विकेता का काम करने वाले सभी व्यक्ति पात्र होगें। सभी पथ विकेताओ को अपने निकट के जन सुविधा केन्द्र पर आनॅलाइन आवेदन अपलोड किया जायेगा। चिन्हित जन सुविधा केन्द्रो को अपने से सम्बद्ध क्षेत्र में पथ विकेता का कार्य करे व्यक्तियों के ऋण के आवेदन एवं अन्य अभिलेख अपलोड किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार इस कार्य हेतु पथ विकेताओ के फार्म को अपलोड किये जाने हेतु रूपये 50/– एवं अन्य टैक्स सम्बन्धित जन सुविधा केन्द्र द्वारा लिये जाने का प्राविधान किया गया है जिसके कम में समस्त कर सहित एक आवेदन को अपलोड करने के लिये अधिकतम रूपये 60/– लिये जाने का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त सर्वेक्षित पथ विकेताओ को प्रमाण पत्र एवं पहचान पत्र निर्गत कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे साथ ही सर्वेक्षण से छूट हुये पथ विकेताओ का सर्वे सुनिश्चित कराये। आज की बैठक में सी0एस0सी0 के संचालक श्री सौरभ गुप्ता,गौरव गुप्ता, श्री विपिन कुमार वर्मा, श्री मनोज कुमार गुप्ता, श्री शैलेष कुमार,श्री इन्द्र कुमार,श्री मो0 हसन, श्री मो0 शमीम, श्री विश्वदीप गुप्ता, श्री मो0 शुऐब,श्री मो0 ताहिर खान, श्री मेहुल गुप्ता उपस्थित रहे।

कमश.................2

Generated by CamScanner

2– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। **सफाई जोन–02 में सदर में सचिन बाथम जी के घर के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर की देखरेख में सफाई का कार्य कराया गया।** इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

**3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 26.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य–** आवास विकास कॉलोनी बरेली मोड,बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, रैन बसेरा,मानूनई, कचहरी, जज साहब का बंगल, दुर्घटना न्यायालय, किशोर न्यायालय, खिरनीबाग सराय, लाला तेली बजरिया, रामनगर, दिलाजाक, ब्रज बिहार कॉलोनी, बहादुरपुरा, खिरनीबाग, बालगृह बालिका हथौडा बुजुर्ग, एफ0सी0आई0 कार्यालय, आदर्शनगर कॉलोनी, दीवान जोगराज, बिसरात रोड, नई बस्ती, रैयान स्कूल, प्रताप इन्कलेव, बिजलीपुरा, बाबूजई, हनुमतधाम, बंगश, मदराखेल एवं **फागिंग का कार्य–** आवास विकास कॉलोनी बरेली मोड, रैन बसेरा,ऑफीसर्स कॉलोनी, सिटी पार्क, ब्रज बिहार कॉलोनी, चौक आला खॉ, घण्टाघर मेन रोड, मण्डी समिति रोजा, निवाजपुर, हाण्डा कॉलोनी में कराया गया।

कल दिनांक 27.06.2020 को रोस्टर के अनुसार एमनजई जलालनगर,लोधीपुर,सिटी पार्क, चमकनी, बहादुरगंज,रंगीन चौपाल, मामूड़ी, बारादरी, तारीन बहादुरगंज, कटियाटोला, खिरनीबाग, बृज बिहार, महमन्द जंगला, अलीजई, खलीलशर्की, चौभुर्जी, बरेली मोड़ साउथ सिटी,गार्डेन स्टेट, गीतापुरम कालोनी,लालपुर,चमकनी गाड़ीपुरा, रोशनगंज, हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल, फत्तेपेर रेती तक में कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर।
26/6/2020

Generated by CamScanner